**प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 2023-24**

**विषय : हिंदी (आधार)**

**(विषय कोड - 302)**

**कक्षा - ग्यारहवीं**

| **निर्धारित समय : 3 घंटे** | **अधिकतम अंक : 80** |
|---|---|

**सामान्य निर्देश :**

- **इस प्रश्न पत्र में खंड 'अ' में वस्तुपरक और खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।**
- **खंड 'अ' में 40 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, सभी 40 प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं।**
- **खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।**
- **प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।**
- **दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।**

## खंड 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)

### अपठित गद्यांश

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए:- (1X10=10)**

जब व्यक्तिगत सुविधाओं, रोजी-रोज़गार और बेहतर जीवन जीने की लालसा में किसी देश के लोग नागरिकता छोड़ कर दूसरे देशों में जाकर बसने लगें, तो यह निश्चित रूप से उस देश के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। प्रतिभा पलायन को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। कुछ साल पहले तक युवाओं को भावनात्मक रूप से प्रेरित करने का प्रयास किया जाता रहा कि जिस देश ने उनकी पढ़ाई-लिखाई पर इतना खर्च किया है, जब सेवा देने का समय आए तो उस देश को छोड़ कर अपनी प्रतिभा का योगदान किसी और देश में देना नैतिक रूप से सही नहीं होगा। मगर इस प्रेरणा का कोई असर नहीं हुआ। उत्तरोत्तर प्रतिभा पलायन बढ़ता गया। अब स्थिति यह है कि जिनके भारत में जमे-जमाए कारोबार हैं, उनमें भी अपनी नागरिकता त्याग कर दूसरे देशों में जाकर बसने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है।

आमतौर पर दूसरे देशों में जाकर बसने का प्रमुख कारण रोजी-रोज़गार होता है। भारत में हर साल लाखों युवा इंजीनियरिंग, चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों में तकनीकी शिक्षा हासिल करके रोज़गार की तलाश में निकलते हैं, मगर उनमें से चालीस फीसद को भी उनकी इच्छा और क्षमता के अनुरूप रोज़गार नहीं मिल पाता। ऐसे में वे दूसरे देशों का रुख करते हैं। इसके अलावा बहुत सारे युवा इसलिए भी दूसरे देशों का रुख करते हैं कि यहाँ उन्हें उनके काम के अनुरूप पैसा नहीं मिल पाता। कई विकसित देशों की तुलना में यहाँ वेतन, भत्ते और काम करने की स्थितियाँ बहुत खराब हैं। इसलिए भी वे मौका मिलते ही दूसरे देशों में चले जाते हैं और फिर यहाँ की नागरिकता छोड़ देते हैं। बहुत सारे युवा विदेशों में पढ़ने जाते हैं और फिर वहीं की नागरिकता हासिल कर लेते हैं। मगर पिछले कुछ वर्षों में ऐसे भी अनेक लोगों ने यहाँ की नागरिकता त्याग दी, जिनके यहाँ अपने कारोबार थे और उन्हें समेट कर वे दूसरे किसी देश में चले गए। यानी उन्हें यहाँ कारोबार की स्थितियाँ अनुकूल नहीं लगीं। इसके अलावा कई लोग असुरक्षाबोध के चलते भी कहीं और जा बसे। आर्थिक मोर्चे पर बेहतरी के लिए जरूरी है कि अपनी बेहतरीन

प्रतिभाओं को देश में ही रह कर काम करने का संतोषजनक वातावरण तैयार किया जाए। रोज़गार के नए अवसर केवल कौशल विकास से सृजित नहीं होते, इसमें श्रमशक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने वालों के उद्यम और प्रतिभा की भी जरूरत होती है।

(i) प्रतिभा पलायन का आशय है -

(क) दूसरे देश की नागरिकता ग्रहण करना (ख) अपनी प्रतिभा का लाभ किसी और देश में देना

(ग) अपनी नैतिक ज़िम्मेदारी से भागना (घ) अपनी प्रतिभा को अनदेखा करना

(ii) युवाओं द्वारा पलायन का मुख्य कारण क्या है?

(क) व्यक्तिगत सुविधाओं की लालसा (ख) देश के लिए नाम कमाना

(ग) भावनात्मक रूप से कमज़ोर होना (घ) चुनौतियों का सामना करने की इच्छा

(iii) युवाओं की पलायन वृति के सन्दर्भ में उन्हें भावनात्मक रूप से प्रेरित करते हुए क्या तर्क दिया गया?

(क) यहाँ रोज़गार के अधिक अवसर हैं

(ख) यहाँ प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता हैं

(ग) यहाँ उत्तम प्राकृतिक परिवेश है

(घ) पढ़ाई-लिखाई पर अत्यधिक खर्च के उपरांत विदेश गमन उचित नहीं

(iv) श्रम-शक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए किसे अनिवार्य माना गया है -

(क) समुचित वातावरण तैयार किया जाए (ख) कौशल-विकास को महत्त्व नहीं दिया जाए

(ग) उद्दयम और प्रतिभा पर बल दिया जाए (घ) युवाओं को योग्यतानुसार शिक्षित किया जाए

(v) प्रतिभा पलायन की समस्या के समाधान हेतु युवाओं को किस प्रकार प्रेरित किया जा सकता है ?

(क) शिक्षा द्वारा (ख) क़ानून द्वारा

(ग) धन देकर (घ) बलपूर्वक

(vi) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -

कथन (I): यहाँ युवा शक्ति के लिए उचित शिक्षा और मार्गदर्शन का अभाव है।

कथन (II): यहाँ कार्य के अनुरूप धन नहीं मिलता।

कथन (III): विकसित देशों की तुलना में वेतन-भत्ते और काम करने की स्थितियाँ बहुत खराब हैं।

कथन (IV): यहाँ कारोबार की स्थितियाँ अनुकूल हैं और लाभांश अधिक है।

**सही विकल्प का चयन कीजिए -**

(क) विकल्प (I) और (II) सही हैं। (ख) विकल्प (II) और (III) सही हैं ।

(ग) विकल्प (III) और (IV) सही हैं। (घ) विकल्प (II) और (IV) सही हैं ।

(vii) किस विवशता के कारण प्रतिष्ठित कारोबारी अन्य देशों में जा बसे हैं?

(क) यहाँ कारोबार के लिए अनुकूल स्थितियाँ न होना

(ख) सुरक्षा बोध की भावना उत्पन्न होना

(ग) विदेशों में अत्यधिक सम्मान मिलना

(घ) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कारोबार का विस्तार करना

(viii) गद्यांश के अनुसार देश के आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है-

(क) प्रतिकूल परिवेश प्रदान करना

(ख) देश से प्रतिभाओं के पलायन को रोककर

(ग) विदेशी प्रतिभाओं को आमंत्रित करना

(घ) दूसरे देशों के प्रति उनके मन में असुरक्षा का भाव उत्पन्न करना

(ix) रोज़गार की तलाश में युवाओं का विदेशों के प्रति आकर्षण उनकी किस मानसिकता को दर्शाता है?

(क) देश प्रेम की भावना का अभाव

(ख) संकीर्ण मानसिकता से ग्रस्त होना

(ग) दूसरे देशों के प्रति आकर्षण

(घ) योग्यता और क्षमता के अनुरूप अवसर तलाशना

(x) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए -

कथन (A) : रोज़गार के नए अवसर केवल कौशल विकास से सृजित नहीं होते।

कारण (R) : परिश्रम और प्रतिभा के अभाव में कौशल विकास का कोई औचित्य नहीं।

(क) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**2. दिए गए पद्यांश पर आधारित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : (1X5=5)**

हो गए एक आन में उनके बुरे दिन भी भले
सब जगह सब काल में वे ही मिले फूले-फले।।
आज करना है जिसे करते उसे हैं आज ही
सोचते कहते हैं जो कुछ कर दिखाते हैं वही

मानते जो भी हैं सुनते हैं सदा सबकी कही
जो मदद करते हैं अपनी इस जगत में आप ही
भूल कर वे दूसरों का मुँह कभी ताकते नहीं
कौन ऐसा काम है वे कर जिसे सकते नहीं।।

जो कभी अपने समय को यों बिताते हैं नहीं
काम करने की जगह बातें बनाते हैं नहीं
आजकल करते हुए जो दिन गँवाते हैं नहीं
यत्न करने से कभी जो जी चुराते हैं नहीं

बात है वह कौन जो होती नहीं उनके लिए
वे नमूना आप बन जाते हैं औरों के लिए।।
व्योम को छूते हुए दुर्गम पहाड़ों के शिखर
वे घने जंगल जहाँ रहता है तम आठों पहर

गर्जती जल राशि की उठती हुई ऊँची लहर
आग की भयदायिनी फैली दिशाओं में लपट
ये कँपा सकती कभी जिसके कलेजे को नहीं
भूलकर भी वह नहीं नाकाम रहता है कहीं।

(i) काव्यांश में कवि किसे संबोधित कर रहा है?

(क) पाठक को
(ख) कर्मवीर मनुष्य को
(ग) आलसी मनुष्य को
(घ) शक्तिशाली मनुष्य को

(ii) "गर्जती जल राशि की उठती हुई ऊँची लहर,
आग की भयदायिनी फैली दिशाओं में लपट'' - ये काव्य-पंक्तियाँ संकेत करती हैं -

(क) प्राकृतिक आपदा की ओर
(ख) मनुष्य की लापरवाह प्रवृति की ओर
(ग) जीवन की विपरीत परिस्थतियों की ओर
(घ) प्रकृति के प्रति उदासीन दृष्टिकोण

(iii) किस प्रकार के लोगों के बुरे दिन भी भले में परिवर्तित हो जाते हैं ?

(क) जो हर परिस्थिति में ढल जाते हैं।
(ख) जो सभी काम आज ही करते हैं।
(ग) जो सब जगह फलते-फूलते हैं।
(घ) जो दृढ़ निश्चयी होते हैं।

(iv) काव्यांश के अनुसार स्वावलंबी मनुष्य का/के गुण है/हैं -

(I) नाकाम न होना।
(II) सबकी बात मानना।
(III) दूसरों पर निर्भर न रहना।
(IV) हर काम करने का साहस रखना।

**सही विकल्प का चयन कीजिए -**

(क) विकल्प (I) और (II) सही हैं।
(ख) विकल्प (II) और (III) सही हैं ।
(ग) विकल्प (III) और (IV) सही हैं।
(घ) विकल्प (II) और (IV) सही हैं ।

(v) काव्यांश के अनुसार मनुष्य दूसरों के लिए मिसाल कब बन जाता है?

(क) जब वह आग की भयावह लपटों से भी न डरे।
(ख) प्रतिकूल परिस्थितियों में भी जो अडिग रहे।
(ग) जो परिस्थितियों के अनुसार ढल जाए।
(घ) जो आकाश छूने का साहस रखे ।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए:-**

**(1X5=5)**

(i) भारत में समाचार पत्र की शुरुआत कब और किससे हुई?

(क) हिंदुस्तान (1852) (ख) विशाल भारत (1702)

(ग) जनसत्ता (1826) (घ) बंगाल गजट (1780)

(ii) कक्षा में नारी सुरक्षा विषय पर होने वाली बहस किस संचार का उदाहरण है-

(क) मौखिक संचार (ख) जनसंचार

(ग) समूह संचार (घ) अंतरवैयक्तिक संचार

(iii) किस सिद्धांत के अभाव में कोई भी समाचार एकतरफा चरित्र हनन का हथियार बन सकता है-

(क) संतुलन (ख) निष्पक्षता

(ग) तथ्यों की शुद्धता (घ) स्रोत

(iv) समाचार पत्र से जुड़े शब्द 'भाषा' और 'यूनीवार्ता' क्या हैं-

(क) पत्रकार के प्रकार (ख) समाचार लेखन शैली

(ग) समाचार एजेंसी (घ) संपादकीय विभाग

(v) कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए -

| **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** | |
|---|---|---|---|
| 1 | खोजपरक पत्रकारिता | (i) | सरकार के कामकाज पर निगाह रखना |
| 2 | वॉचडॉग पत्रकारिता | (ii) | किसी उद्देश्य या मुद्दे पर जनमत तैयार करना |
| 3 | एडवोकेसी पत्रकारिता | (iii) | भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और गड़बड़ियों का पर्दाफ़ाश करना |

(क) 1- (iii), 2- (ii), 3- (i) (ख) 1- (i), 2- (iii), 3- (ii)

(ग) 1- (ii), 2- (i), 3- (iii) (घ) 1- (iii), 2- (i), 3- (ii)

**4. निम्नलिखित काव्यांश के प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए-**

**(1X5=5)**

हे भूख ! मत मचल
प्यास, तड़प मत
हे नींद ! मत सता
क्रोध, मचा मत उथल-पुथल
हे मोह ! पाश अपने ढील

लोभ मत। ललचा
हे मद! मत कर मदहोश
ईर्ष्या, जला मत
ओ चराचर ! मत चूक अवसर
आई हूँ संदेश लेकर चन्नमल्लिकार्जुन का

(i) उपर्युक्त पंक्तियों में निहित भाव है-

(क) मनुष्य को स्वार्थी नहीं होना चाहिए।

(ख) भौतिक सुखों का भोग करते हुए ईश्वर की प्राप्ति हो सकती है।

(ग) मानवीय धर्म का पालन करना चाहिए।

(घ) मनुष्य को अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण रखना चाहिए।

(ii) 'चराचर' शब्द के माध्यम से कवयित्री ने किसे संबोधित किया है?

(क) जड़ और चेतन (ख) मनुष्य

(ग) प्रकृति (घ) ईश्वर

(iii) उपर्युक्त पंक्तियों में कौन किसका संदेश लाया है?

(क) महादेवी - विष्णु

(ख) अक्क महादेवी - शिव

(ग) महादेवी वर्मा - गणेश

(घ) इंद्र - शिव

(iv) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

कथन (A) : लोभ, मोह, क्रोध और अहंकार को त्यागना जरूरी है।

कारण (R) लक्ष्य-प्राप्ति में इंद्रियाँ बाधक होती हैं।

(क) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(v) उपर्युक्त पंक्तियों में कवयित्री ने अपनी बात को किस रूप में व्यक्त किया है-

(क) उपदेशात्मक (ख) उद्बोधनात्मक

(ग) आदेशात्मक (घ) प्रेम भरा मनुहार

**5. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए :**

**(1X5=5)**

मैंने इस बात की कोशिश की कि लोग सारे हिंदुस्तान के बारे में सोचें और कुछ हद तक इस बड़ी दुनिया के बारे में भी, जिसके हम एक जुज़ हैं। मैं अपनी बातचीत में चीन, स्पेन, अबीसिनिया, मध्य यूरोप, मिस्र और पच्छिमी एशिया में होने वाले कशमकशों का भी जिक्र ले आता। मैं उन्हें सोवियत यूनियन में होने वाली अचरज-भरी तब्दीलियों का हाल भी बताता और कहता कि अमरीका ने कैसी तरक्की की है। यह काम आसान न था, लेकिन जैसा मैंने समझ रखा था, वैसा मुश्किल भी न था। इसकी वजह यह थी कि हमारे पुराने महाकाव्यों ने और पुराणों की कथा-कहानियों ने, जिन्हें वे खूब जानते थे, उन्हें इस देश की कल्पना करा दी थी, और हमेशा कुछ लोग ऐसे मिल जाते थे, जिन्होंने हमारे बड़े-बड़े तीर्थों की यात्रा कर रखी थी, जो हिंदुस्तान के चारों कोनों पर हैं। या हमें पुराने सिपाही मिल जाते, जिन्होंने पिछली बड़ी जंग में या और धावों के सिलसिले में विदेशों में नौकरियाँ की थीं। सन् तीस के बाद जो आर्थिक मंदी पैदा हुई थी, उसकी वजह से दूसरे मुल्कों के बारे में मेरे हवाले उनकी समझ में आ जाते थे।

(i) गद्यांश में प्रयुक्त 'अचरज' शब्द का समानार्थी है-

(क) विचलित (ख) आश्चर्य

(ग) विद्रूप (घ) कौतुहल

(ii) निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए गद्यांश के अनुसार सही कथन का चयन करके लिखिए-

(क) सन् तीस की आर्थिक मंदी भारतीय लोगों की समझ से परे थी।

(ख) भारतीय जनमानस विश्व में होने वाले परिवर्तन के विषय में नहीं जानता था।

(ग) नेहरू जी द्वारा अमेरिका की उन्नति के विषय में बताने पर भारतीय जनमानस उसे समझ नहीं पाता था।

(घ) किसान महाकाव्यों और पुराणों की कथा-कहानियों को पढ़ने के कारण अमेरिका की उन्नति के विषय में समझ पाते थे।

(iii) कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

| **कॉलम 1** | | **कॉलम 2** | |
|---|---|---|---|
| 1 | लोगों को विदेशी तरक्की के विषय में समझाना नेहरू जी के लिए मुश्किल नहीं था। | (i) | उनके भीतर अपनी तरक्की का जज़्बा पैदा हो। |
| 2 | नेहरू जी चाहते थे कि प्रत्येक भारतीय दुनिया के विषय में जागरूक हो। | (ii) | जिन्होंने भारत के विभिन्न तीर्थों की यात्रा कर रखी थी । |
| 3 | नेहरू जी को देश के प्रत्येक क्षेत्र में जागरूक लोग मिल जाते थे। | (iii) | क्योंकि भारतीय, महाकाव्य और पुराणों की कथा-कहानियों को खूब जानते और समझते थे । |

(क) 1- (iii), 2- (ii), 3- (i) (ख) 1- (i), 2- (iii), 3- (ii)

(ग) 1- (ii), 2- (i), 3- (iii) (घ) 1- (iii), 2- (i), 3- (ii)

(iv) प्रस्तुत गद्यांश का केंद्रीय भाव है-

(क) भारतीय जनमानस को उन्नति के लिए प्रेरित करना

(ख) विदेशों में हो रहे परिवर्तन का वर्णन करना

(ग) आर्थिक मंदी के विषय में बताना

(घ) पुराणों की कथा कहानियों के महत्व को बताना

(v) ''यह काम आसान न था'' नेहरू जी के इस स्वगत कथन का आशय है-

(क) भाषण देकर लोगों को प्रेरित करना।

(ख) विदेशों में हो रहे परिवर्तन द्वारा भारतीयों को प्रेरणा देना।

(ग) गाँव-गाँव घूम कर लोगों को जागरूक करना।

(घ) भारत और विश्व में फैली आर्थिक मंदी का वर्णन करना।

**6. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए- (1X10=10)**

(i) संगीत के सन्दर्भ में 'गानपन' से अभिप्राय है -

(क) स्वरों का शुद्ध एवं सही उच्चारण

(ख) स्वरों पर बलाघात, जो उसे विशिष्ट बना दे

(ग) अशिक्षितों के लिए गाने का एक सरल रूप

(घ) गाने का ऐसा अंदाज़ जो आम आदमी को भी भाव-विभोर कर दे

(ii) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -

(I) अन्नपूर्णा देवी का लेखिका बनने में उनके परिवार का योगदान था

(II) शर्मीला, बेबी को हिंदी में पत्र लिखती थी

(III) बेबी ने ऐनिफ्रैंक की डायरी पढ़कर नारी-जीवन के विविध पहलुओं पर लिखा

निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/ कौन-से कथन सही है/हैं?

(क) केवल (I) (ख) केवल (II)

(ग) केवल (III) (घ) (II) और (III) दोनों

(iii) खड़िया पत्थर से बनी पट्टी की मरुस्थल में क्या भूमिका रहती है?

(क) वर्षा के जल को खारा बनने से रोकती है।

(ख) वर्षा के जल को गहरे खारे भूजल में मिलने से रोकती है।

(ग) वर्षा के जल को भाप बनकर उड़ने और वाष्पीकरण में सहयोग करती है।

(घ) वर्षा के जल को मीठा बनाने का काम करती है।

(iv) यदि गंभीरता शास्त्रीय संगीत का स्थायी-भाव है तो चित्रपट संगीत का मुख्य भाव क्या है?

(क) परिष्कृत और आधे तालों का उपयोग (ख) सुलभता और लोच

(ग) जलदलय और चपलता (घ) सुंदरता और परिपूर्णता

(v) पाताल पानी को उपयोग करने के लिए कौन-सा स्त्रोत सहायक सिद्ध होता है?

(क) नदी और तालाब (ख) कुआँ

(ग) कुंई (घ) झरने

(vi) तातुश ने बेबी को सबसे पहले किस लेखक/लेखिका की पुस्तक पढ़ने के लिए दी?

(क) रवींद्रनाथ ठाकुर (ख) सत्येंद्रनाथ दत्त

(ग) तसलीमा नसरीन (घ) शरतचंद्र

(vii) कथन (A) : सामान्य श्रोता को अगर आज लता की ध्वनिमुद्रिका और शास्त्रीय गायकी की ध्वनिमुद्रिका सुनाई जाए तो वह लता की ध्वनिमुद्रिका ही पसंद करेगा।

कारण (R) : शास्त्रीय गायकी की ध्वनिमुद्रिका सामान्यत: त्रुटिपूर्ण होती है।

(क) कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है, कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(viii) 'राजस्थान की रजत बूँदें' पाठ में 'चड़स' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

(क) कुंई का निर्माण-कार्य करने वाले कारीगर

(ख) कुंई के निर्माण में प्रयोग होने वाली एक विशेष घास

(ग) कुंई से पानी खींचने की सुविधा के लिए उसके ऊपर लगने वाली घिरनी

(घ) कुंई से पानी निकालने के लिए मोटे कपड़े/चमड़े से बनी हुई वस्तु

(ix) 'आलो आँधारि' पाठ में किस सामाजिक समस्या की ओर संकेत **नहीं** किया गया है?

(क) समाज में स्त्री-शोषण (ख) वर्ग-भेद और आर्थिक असमानता

(ग) राजनीति में व्याप्त भ्रष्टाचार (घ) बालश्रम और अशिक्षा

(x) एक खानदानी शास्त्रीय संगीत गायक की महफ़िल में एक साधारण श्रोता उस प्रकार आनंदित नहीं होता जिस प्रकार लता के तीन मिनट के चित्रपट संगीत का आनंद उठाता है। इसका मुख्य कारण है -

(क) शास्त्रीय संगीत में चित्रपट संगीत के सामान रंजकता का न होना

(ख) शास्त्रीय संगीत में ताल-सुर का निर्दोष ज्ञान न होना

(ग) शास्त्रीय संगीत में स्वर, लय और शब्दार्थ का संगम न होना

(घ) शास्त्रीय संगीत का शास्त्र-सम्मत और भावपूर्ण न होना

## खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

**7. निम्नलिखित दिए गए तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए: - (5X1=5)**

(क) वर्तमान परिप्रेक्ष्य में नारी सुरक्षा

(ख) देश-विदेश में हिंदी के बढ़ते कदम

(ग) ऑनलाइन खरीदारी मज़ा या सजा

**8. निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में औपचारिक पत्र लिखिए- (5X1=5)**

अपने क्षेत्र में वर्षा के कारण उत्पन्न जलभराव की समस्या के लिए नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखिए।

**अथवा**

आप, जिम और पूरक आहार जैसे महँगे साधनों द्वारा शारीरिक सौष्ठव बनाने के स्थान पर संतुलित आहार और योग की ओर युवाओं का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। इस विषय पर लिखे गए लेख को छपवाने का निवेदन करते हुए समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

**9. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए:- (2X2=4)**

(क) डायरी लेखन के समय कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों की ओर विशेष ध्यान दिया जाए तो यह हमारे जीवन का जीवंत दस्तावेज बनकर उभरेगा। स्पष्ट कीजिए।

(ख) ऐसे कौन-कौन से स्रोत हो सकते हैं, जिनसे पटकथा लिखने के लिए विषय-सामग्री उपलब्ध हो सकती है?

(ग) नाटक और फ़िल्म की पटकथा में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**10. निम्नलिखित प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़कर लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए:- (3X1=3)**

आप किसी प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी के लिए आवेदन करना चाहते हैं। इस संबंध में एक आकर्षक स्ववृत्त बनाने के लिए आप किन-किन बातों का ध्यान रखेंगे?

**अथवा**

संदर्भ-ग्रंथ से क्या तात्पर्य है? संदर्भ-ग्रंथों के प्रकार से संबंधित संक्षिप्त जानकारी दीजिए।

**11. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए:- (3X2=6)**

(क) चंपा का यह कहना "मैं तो नहीं पढ़ूँगी" वाक्य समाज के किस यथार्थ को दर्शाता है?

(ख) 'घर की याद' कविता में पिता की विशेषताओं के साथ-साथ माँ के व्यक्तित्व को भी उकेरा गया है। कवि के जीवन में माता-पिता की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(ग) दिनों-दिन बढ़ती विद्रूपता का कारण प्रतिकूलताओं से जूझने का संघर्ष क्षीण पड़ना है- 'सबसे खतरनाक' कविता के आधार पर तर्कसंगत उत्तर दीजिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए:- (2X2=4)**

क) "एकै खाक गढ़े सब भांड़े एकै कोंहरा साना।" प्रस्तुत पंक्ति के आधार पर बताइए कि कबीर ने कुम्हार और ईश्वर की समानता किस आधार पर की है?

(ख) "दुष्यंत की यह ग़ज़ल राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों को खारिज करने और उसका विकल्प तलाश करने का प्रयत्न है।" पंक्ति के आधार पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।

(ग) 'आओ, मिलकर बचाएँ' कविता में निराशा के शोर के बीच आशा का संगीत भी सुनाई देता है। इस कथन को सिद्ध करते हुए उत्तर लिखिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए:- (3X2=6)**

(क) “मियाँ, कहीं अखबारनवीस तो नहीं हो? यह तो खोजियों की खुराफ़ात है।" मियाँ नसरुद्दीन द्वारा कही गई पंक्ति पर विचार करते हुए वर्तमान संदर्भ में समाचार पत्रों की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'जामुन का पेड़' कहानी वर्तमान व्यवस्था की संवेदनहीनता और अमानवीयता को उजागर करती है। इस कथन का आशय स्पष्ट करते हुए अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(ग) "क्या शान आपकी इस देश में थी और अब क्या हो गई! कितने ऊँचे होकर आप कितने नीचे गिरे।" पंक्ति में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

**14. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए:- (2X2=4)**

(क) फिल्में जनसाधारण के मनोरंजन का सर्व-सुलभ साधन हैं, परंतु इसकी निर्माण-प्रक्रिया में निर्माता-निर्देशक को अनेक समस्याओं से गुजरना पड़ता है। 'अप्पू के साथ ढाई साल' पाठ के संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(ख) व्यक्ति के विकास में जाति के स्थान पर पुरुषार्थ की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण होती है। ‘गलता लोहा’ पाठ के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ग) ‘रजनी’ पाठ की घटनाओं को देखते हुए शिक्षा में बढ़ते हुए व्यवसायीकरण के लिए आप किसे दोषी मानते हैं और क्यों?

**15. निम्नलिखित प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़कर लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए:- (3X1=3)**

***“बूँद-बूँद रिसती है और कुंई में पानी जमा होने लगता है - खारे पानी के सागर में अमृत जैसा मीठा पानी। इस अमृत को पाने के लिए मरुभूमि के समाज ने खूब मंथन किया है। अपने अनुभवों को व्यवहार में उतारने का पूरा एक शास्त्र विकसित किया है।“***

-‘राजस्थान की रजत बूँदें’ पाठ की ये पंक्तियाँ किस प्राकृतिक संकट का उल्लेख करती हैं? आपके अनुसार वर्तमान में मनुष्य प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग करके इस आपदा का सामना किस प्रकार कर सकता है?

**अथवा**

लोगों के घरों में काम करने वाली एक साधारण महिला से लेकर एक लेखिका बनने के क्रम में बेबी हालदार को किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा? ‘आलो आँधारि’ पाठ के आधार पर लिखिए।